06 पांच साल भी नहीं चल सकी सड़क, जगह जगह से...



07 चार्टेड बस से 21 तोला सोना चुराने वाले आरोपी ...





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 09 दिसंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### आरबीएसके के तहत बच्चों को दी जा रहीं सेवाएं

**सीहोर।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पाए जाने वाले जन्मजात दोषों, कुपोषण, विकासात्मक देरी और विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका निशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जन्म के समय प्रसव स्थल पर, 0 से 6 सप्ताह तक नवजात शिशुओं के घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से, 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर तथा 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्कूलों में नियमित जांच के माध्यम से की जाती है।

### हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

# 5.3°C पर जमा सीहोर, खेतों में जमी बर्फ सिहरन बढ़ी, मावठे की आहट ने बढ़ाई चिंता

हवा में इतनी नमी और ठंडक घुली हुई है कि सुबह का बाहरी वातावरण मानो बर्फीली रातों का एहसास करा रहा हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में ठंड ने इस बार अपनी तीखी दस्तक दे दी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 5.3°C दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे ठंडा दिन साबित हुआ। सुबह-सुबह खेतों में पाले की सफेद परत जमी दिखाई दी, जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता बढ़ गई। हवा में इतनी नमी और ठंडक घुली हुई है कि सुबह का बाहरी वातावरण मानो बर्फीली रातों का एहसास करा रहा हो। लोगों को घरों से बाहर निकलते ही सर्द हवाओं की तेज चुभन महसूस होने लगी है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल व उत्तराखंड के ऊँचे इलाकों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। वहाँ हो रही बर्फबारी का सीधा असर मध्य प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही हिम-शीत हवाएँ सीहोर को लगातार ठंड की गिरफ्त में ला रही हैं। यही कारण है कि पिछले एक सप्ताह में पारा तेजी से गिरकर 9°C से 5°C तक पहुँच गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ठंड फिलहाल रुकने वाली नहीं है।

#### मावठे की संभावना बनी मजबूत, बादलों ने बढ़ाई उम्मीद और आशंका


डॉ. तोमर के अनुसार आने वाले दिनों में मावठा गिरने की पूरी संभावना है। आसमान में छाए बादलों ने सर्दी को और अधिक कसा है। यदि मावठा होता है तो गेहूं और चने की फसलों को लाभ भी मिलेगा, पर बढ़ी नमी और कम तापमान पाले को और खतरनाक बना सकता है। किसान लगातार मौसम की निगरानी कर रहे हैं ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। मौसम विभाग ने आने वाले 48 घंटों को अहम बताया है।

#### बाजार में गर्माहट की तलाश, रजाई गद्दों और ऊनी कपड़ों की बढ़ी मांग

जैसे ही तापमान ने ठंड का रौद्र रूप दिखाना शुरू किया, शहर के रजाई-गद्दा बाजार में खूब रौनक लौट आई है। पिंजारों की दुकानों पर सुबह से भीड़ लगी रहती है। लोग पुरानी रजाइयों की भराई करवा रहे हैं और नई रजाइयाँ बनवाने का सिलसिला भी जारी है। वहीं ऊनी कपड़ों की दुकानों पर स्वेटर, जैकेट और मफलर की जमकर खरीदारी हो रही है। बाजार पूरी तरह विंटर मोड में आ चुका है और लोग गर्माहट की तलाश में लगातार पहुँच रहे हैं।

#### शीतलहर की चेतावनी, अगले दिनों में बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि शीतलहर का दौर शुरू हो चुका है और अगले कुछ दिनों में इसकी तीव्रता और बढ़ सकती है। रात के तापमान में और गिरावट होने की आशंका



है। सुबह के समय कोहरा घना हो सकता है, जिससे दृश्यता भी प्रभावित होगी। विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। सीहोर का मौसम अब पूरी तरह सर्द हवाओं के कब्जे में है और आने वाले दिनों में ठंड का असर और गहरा होने की उम्मीद है।

# क्षेत्रवासियों को खस्ताहाल सड़कों से मिलेगी मुक्ति

### सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से हम प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर है और इसी तरह सहयोग रहा तो आने वाले समय में देश के प्रथम स्थान पर होंगे। उक्त विचार रविवार को शहर के वार्ड 12 में सात लाख 30 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमि पूजन के दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। इस मौके पर क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जाने पर पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव ने कहा कि बिना भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे है। लाखों रुपए से निर्मित होने वाली सीसी रोड के पश्चात वार्डवासियों को खस्ताहाल सड़क से मुक्ति मिलेगी। विकास के साथ-साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों की है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने वार्ड की महिलाओं से वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत आने वाले सात लाख 30 हजार से बनाए जाने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। पार्षद प्रतिनिधि श्री यादव ने बताया कि वार्ड में भगवान सिंह पाल के मकान से जगदीश राय के मकान तक बनाए जाने वाले सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में नरेन्द्र राजपूत, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, गंगाराम पहलवान, नाथूराम दादा, छोटेलाल यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

### कॉलेज में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिए प्रवेश प्रारंभ

**सीहोर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में स्वाध्यायी (प्राइवेट) प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ को गई है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि नियमित रुप से वंचित छात्र स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्र के रुप में अपनी शिक्षा अर्जन की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। विद्यार्थी प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंचकर प्रवेश प्रभारी डॉ. गणेशलाल जैन से संपर्क कर सकते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का हुआ आयोजन

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.) के अंतर्गत आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय सीहोर में किया गया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस का विषय "स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी" रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम. यासीन अध्यक्ष के रूप में तथा मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. गुप्ता संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कृषक प्रतिनिधि के रूप में प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह एवं भगत जी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी" विषय पर भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. एस.पी. दत्ता द्वारा महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

# युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा देने का अभियान है सांसद खेल महोत्सवः राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा इछावर तहसील में दीवाड़यिा मंडल द्वारा सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विजेता खिलाड़ी टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उन्हें खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और खेल भावना को सही दिशा देने का एक बड़ा अभियान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए यह महोत्सव एक महत्वपूर्ण मंच है। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आज यहां अपनी क्षमता दिखा रहे हैं, यही खिलाड़ी आगे चलकर जिले, प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन, एकजुटता, मेहनत और सकारात्मक सोच सिखाता है। जीत-हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन असली जीत उस भावना की होती है जिससे हम मैदान में उतरते हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और युवाओं को आगे बढ़ने का बड़ा अवसर प्रदान करते हैं, जिससे प्रत्येक युवा अपनी प्रतिभा को निखार सके और खेलों के माध्यम से अपना उज्ज्वल भविष्य बना सके।

### हरदा आंदोलन को लेकर करनी सेना की हुई बैठक

# 21 सूत्रीय मांगों पर एकजुटता का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में जन क्रांति न्याय यात्रा निकाली जाना है। इसके लेकर बैठक का आयोजन किया गया। यह यात्रा आगामी 21 दिसंबर को हरदा में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर होने वाले 'जन क्रांति न्याय आंदोलन के लिए सर्व समाज को एकजुट करने और आह्वान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। आज की बैठक में करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने सीहोर ब्लाक के आए सभी पदाधिकारियों को संबोधित किया। वहीं आभार सतपाल सिंह सौलंकी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से 12-13 जुलाई 2025 के हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और झूठे प्रकरण वापस लेने की मांग शामिल है। अन्य मांगों में एससी/एसटी एक्ट के तहत बिना जांच गिरफ्तारी पर रोक लगाने और झूठे प्रकरण दर्ज कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग भी शामिल है। क्षत्रिय महापुरुषों के इतिहास से छेड़छाड़ पर रोक, सवर्ण आयोग का पुनर्गठन और भर्ती कानून बनाने की मांग भी उठाई गई है। किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट लागू करने, कृषि उपकरणों पर पूर्ण जीएसटी छूट देने और फसल नुकसान पर 55,000 प्रति हेक्टेयर मुआवजा सुनिश्चित करने की मांग भी इसमें शामिल है। यात्रा में एमपीईबी के स्मार्ट मीटरों पर प्रतिबंध लगाने, धर्म या जाति बदलकर धोखाधड़ी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, लव मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य करने, सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण समाप्त करने और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने जैसी मांगें भी उठाई गईं। पूर्व सैनिकों को नौकरियों में 10' आरक्षण, सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण और पुलिस आरक्षकों के लिए 2400 ग्रेड पे लागू करने की मांग भी इस सूची में शामिल है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण** – 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण** – 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### डंपर की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**देवास।** शनिवार को शिप्रा और लोहार पिपलिया के बीच हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक डंपर ने बाइक पर सवार परिवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद डंपर सड़क किनारे पलट गया। मृतक महिला की पहचान उज्जैन जिले के पिंगलेश्वर निवासी शबाना पति शाहरुख के रूप में हुई है। बाइक पर सवार कल्लो बी और उनका पौता शाहरुख गंभीर रूप से घायल हो गए। यह परिवार उज्जैन से इंदौर किसी काम से जा रहा था।घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद डंपर चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि परिवार उज्जैन से इंदौर जा रहा था। रोड क्रॉस करते समय यह हादसा हुआ। परिवार को उज्जैन के रास्ते से ब्रिज से इंदौर जाना था, लेकिन वे नीचे के रास्ते पर आ गए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग (एबी रोड) पर निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह डिवाइडर तोड़कर कट पॉइंट बनाए गए हैं। शनिवार को हुआ हादसा भी डिवाइडर पार करने के दौरान ही हुआ। इन कट पॉइंट्स को बंद करने की आवश्यकता बताई जा रही है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### श्रद्धांजलि सभा में उठाई श्रमिकों पर अत्याचार रोकने की मांग

**देवास।** मध्यप्रदेश मिडिया प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश इंटक पूर्व अध्यक्ष आर. डी. त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर, साथ ही बाबा साहब अम्बेडकर को भी श्रद्धांजलि अर्पित कर, श्यामसुन्दर यादव मध्यप्रदेश इंटक अध्यक्ष के नेतृत्व में स्मरण कर उनके कार्यों को आत्मसात कर प्रेरणा लेते हुए इंटक ने आन्दोलन कर श्रमिकों पर हो रहे अत्याचार और जुल्म रोकने की सरकार से मांग की गई। इंटक ने कहा कि वह लाए गए चार श्रम कानूनों को रोकने की मांग करते हैं तथा चेतावनी दी कि
देश व प्रदेश के श्रमिकों–कामगारों द्वारा क्रमिक आन्दोलन किया जावेगा, जिससे होने वाली औद्योगिक अशांति की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़क हुई बदहाल, जिम्मेदार बेखबर

# पांच साल भी नहीं चल सकी सड़क, जगह जगह से उखड़ी, पुलिया भी क्षतिग्रस्त

### सीसी रोड़ का उखड़ा मटेरियल, सेफ्टी वॉल रहित बनाई पुलिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

गुराड़दा से झोझकपुरा को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क को महज 5 वर्ष भी अभी पूरे नहीं हुए है और अब यह सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में जमकर लापरवाही बरती गई, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, कई स्थानों पर डामर पूरी तरह उखड़ चुका है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। इस सड़क पर बने नाले की पुलिया को भी तय मापदंडों के अनुसार नहीं बनाया गया है। पुलिया के दोनों ओर सेफ्टी वॉल (सुरक्षा दीवार) नहीं बनाई गई, जिससे बारिश के दौरान पुलिया के किनारों में तेज कटाव हो गया है। इससे पुलिया के धंसने का खतरा भी लगातार बना हुआ है और कोई बड़ा हादसा हो सकता है।





#### शिकायत के बाद भी सिर्फ खानापूर्ति

ग्रामीणों की पूर्व शिकायत पर विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन उसके बाद ठेकेदार द्वारा केवल खानापूर्ति करते हुए कुछ पत्थर नाले के किनारे लगा दिए गए और पिलरों पर रंग-रोगन कर इतिश्री कर ली गई। स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ठेकेदार की गारंटी अवधि अब समाप्त होने के करीब है। गारंटी की अवधि मात्र 6 माह की ओर बची है। 5 जून 2026 को यह अवधि खत्म हो जाएगी। यदि इस दौरान सड़क और पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई, तो भविष्य में सड़क की मरम्मत कराना ओर भी मुश्किल हो जाएगा। इससे गुराड़दा, झोझकपुरा सहित आसपास के ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सड़क की जर्जर हालत को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। पुलिया के दोनों ओर सेफ्टी वॉल का निर्माण कराया जाए। गारंटी अवधि के भीतर संपूर्ण सुधार कार्य पूर्ण कराया जाए। प्रधानमंत्री सड़क के सहायक यंत्री संतोष मंशोरे ने बताया कि ठेकेदार का कार्य इस क्षेत्र में चल रहा है 5 से 6 दिन में इस रोड़ की मरम्मत का कार्य हो जाएगा।




### भारतीय बौद्ध महासभा ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

**देवास।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा देवास द्वारा कोषाध्यक्ष अनिल शिंदे के नेतृत्व में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर सामूहिक बुद्ध वंदना ली गई। तत्पश्चात त्रिरत्न बुद्ध विहार, सिद्धार्थनगर इटावा देवास में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन, उनके आदर्श, संविधान के पालन तथा उनके मार्गदर्शन में चलकर जीवन को आगे कार्यान्वित करने का सामूहिक प्रण लिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सलाहकार वासुदेव तायडे, महासचिव संगीता तायडे, लेखा परीक्षक गणेश राव मडामैं, शहर अध्यक्ष हरिभाऊ मोरे, शरद कुमार टोंक जयराम गहलोत, सुनंदा शिरसाट, लता मोरे, प्रमिला दामोदर, राधाबाई वानखेड़े, माया मडामैं, प्रमिला पाटिल, श्रद्धा शिंदे, अमर रायबोले सहित भारी संख्या में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायी उपस्थित थे।

# आत्महत्या मामला: सहायक आबकारी आयुक्त निलंबित

### वीडियो के आधार पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के एक शराब ठेकेदार द्वारा आत्महत्या के पूर्व बनाया गया वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ, जिसके बाद सरकार ने सहायक आबकारी आयुक्त को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में ठेकेदार ने आरोप लगाए कि उससे पांच दुकानों के साढ़े सात लाख रुपये की प्रति माह डिमांड की थी।सरकार ने शनिवार को पत्र जारी कर सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित को निलंबित कर दिया। पत्र में उल्लेख किया कि समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि एक शराब ठेकेदार ने सुसाइड किया। सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाकर सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

यह आरोप गंभीर है। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन के दौरान वह ग्वालियर मुख्यालय में रहेंगी। पत्र वाणिज्यकर विभाग की उप सचिव वंदना शर्मा के नाम से जारी किया गया है।शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने 8 नवंबर को आत्महत्या की थी। कारोबारी की आत्महत्या के 27 दिन बाद एक वीडियो सामने आया। इस वीडियो में शराब कोरबारी दिनेश मकवाना ने सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाए। सुसाइड से पहले बनाए गए वीडियो में कारोबारी ने कहा- उसकी शराब की पांच दुकानें हैं।

हर दुकान के हिसाब से डेढ़ लाख रुपये मैडम मांग रही हैं। उसने कहा कि मैडम हर महीने साढ़े 7 लाख रुपये मांग रही है। वीडियो के वायरल होते ही आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया था। सीएम डॉ. मोहन यादव सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए लिखा कि देवास जिले में एक शराब ठेकेदार के आत्महत्या से पूर्व बनाए गए वायरल वीडियो को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए देवास की प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

### बसपा कार्यकर्ता डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बड़ी संख्या में पहुंचे महू



**देवास।** बहुजन समाज पार्टी ने शनिवार को महापरिनिर्वाण दिवस बड़े ही सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम के तहत बसपा जिला अध्यक्ष दरियाव सिंह मालवीय के नेतृत्व में भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उज्जैन रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुँचे, जहां सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद विशाल वाहन रैली के रूप में सभी महू के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मदनलाल सोलंकी, बाबूलाल चौहान, रामदयाल वर्मा, मुकेश भिलाल, पूर्व जिला प्रभारी एडवोकेट सुरेश वैद, सत्यवान पाटिल, मजीद खान टेलर, कुतुबुद्दीन, राजेश नागर, बाबूलाल शिंदे, विक्की मालवीय, रामचंद्र फौजी, हेमंत मालवीय, देवेंद्र पंवार, मुकेश मिलाला, प्यारेलाल बंजारे, मुकेश रावत, सुनील घावरी, कल्याणसिंह अंवलावदिया, राजकुमार सोनगररा, रमेश चौहान, महेंद्र चौहान, नंदकिशोर मालवीय और पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पंवार सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीमराव अंबेडकर की कर्मस्थली महू पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# कांग्रेस ने मनाई डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बाबा साहेब अंबेडकर इस देश के ऐसे नेता रहे, जिन्होंने देश के हर वर्ग के लिए काम किया तथा उन्हें अधिकार संपन्न बनाया। आज हम जिस प्रजातंत्र में स्वच्छंदता के साथ अपनी बात कह पा रहे हैं और स्वतंत्रता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं, वह सब अधिकार बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हमें दिए हैं। उक्त विचार बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस द्वारा उज्जैन चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश के हर वर्ग को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं से उन्होंने कहा कि शिक्षा को अपना अधिकार बनाएं यह किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए उनका आह्वान था। इसी के साथ सभी को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार रूपेश कल्याने ने माना। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, नज़र शेख़, ज्ञान सिंह दरबार, विक्रम मुकाती, डॉ. मंसूर शेख, भागीरथ मालवीय, अनिल गोस्वामी, कल्याण सिंह पवार, निलेश वर्मा, मनोज सांगते, अजय सिंह राजोदा, राजेश राठौर, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, दिलीप सिंह, पंकज धारू आदि उपस्थित थे।

# डॉ. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस एवं टंट्या मामा भील के शहादत दिवस पर बहुजन उत्सव समिति व राष्ट्रीय बौद्ध महा सभा द्वारा केंडल मार्च तहसील चौराहा से डॉ. अम्बेडकर पार्क तक निकाला गया। केंडल मार्च डॉ. अम्बेडकर पार्क में पहुंचा, उसके उपरांत विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बहुजन महापुरुषों की विचार धारा पर आधारित किया गया। कवि सम्मेलन में बालाघाट से पहुंचे राष्ट्रीय कवि व प्रबोधनकार शैलेश शैल ने शानदार काव्य पाठ करते हुए पढ़ा - आसमां से ऊँचे काम जिसके है।

दुनिया में चर्चे सरेआम उसके है, दासता से मुक्ति दिलाकर बतला दिया भीम ने, हम है मर्जी के मालिक हम गुलाम किसके है। समदपुरी(मध्यप्रदेश) से काव्य पाठ के लिए मंच पर आये कवि गोविंदा गांवठी नें पढ़ा-मिलता नहीं है। दुनिया में ऐसा कोई विधान, लिख दिया बाबा साहेब ने ऐसा संविधान। शाजापुर के शायर जनाब हसन मिजरा् हसन ने शानदार असआर पेश कर वाहवाही लूटी उन्होंने पढ़ा -मैं संविधान हूं भारत तुझे तोफे में मिला हूं,हिंदू हो मुस्लिम हो सिख हो या ईसाई गरीब हो फकीर हो या सफाई सबके मौलिक अधिकारों की किताब हु..कवयित्री कृष्णा सूर्यवंशी ने मधुर गीत ने झूमने पर मजबूर कर दिया-उच्च नीच दूर कर प्रेम को दिलों में भर, देश का बढ़ाया स्वाभिमान को प्रणाम है।

लालच को त्याग दिया देशहित काम किया, किया जो उन्होंने बलिदान को प्रणाम है। भिंड के ओज गीत कवि जोरावर सिंह ने भारतीय सविधान को रेखांकित शानदार गीत पढ़ा -प्यारा-प्यारा संविधान, प्यारा-प्यारा संविधान, भारत में बसने वालों को कर दिया है एक समान..सागर के गीतकार दयाराम सागर ने बेहतरीन गीत प्रस्तुत किया. कवि सम्मेलन का शानदार संचालन कवि कमल सिंह कमल के द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन एवं महा परिनिर्वाण दिवस की प्रस्तावना सामाजिक चिंतक डी बी बड़ोदिया, एवं कमल कीर द्वारा रखी गई। आभार वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता धनराज थरेले द्वारा रखी गई। कार्यक्रम के आयोजन में सामाजिक चिंतक कमलेश दोहरे, नीरज जाटव, लाडसीह कटारिया, निरमल कचनेरिया, शुसीला दोहरे, प्रेमलता शैल,रीना मालवीय, लक्ष्मी दोहरे, जितेंद्र मालवीय, जनम सिंह परमार, आशा परमार, धनसिंह मालवीय, हरिओम जाटव, इंजीनियर राजेश कुमार, एनपी नागेश, एनपी सागर सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास से मनाया

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले वालेन्टियर्स को किया पुरस्कृत





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य हर्षोल्लास से मनाया गया। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड देवास ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर रोहन रायकवार प्लाटून कमाण्डर ने किया। द्वितीय परेड कमाण्डर एएसआई माखनसिंह पंवार रहे। परेड में 4 प्लाटून सम्मिलित रहे, 2 प्लाटून होमगार्ड के एवं 2 प्लाटून सिविल डिफेंस के सम्मिलित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट देवास द्वारा स्वागत भाषण एवं डायरेक्टर जनरल का संदेश वाचन किया।

कलेक्टर सिंह ने होमगार्ड जवानों को जिले में आपदा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई दी एवं आपदा मे होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के फर्स्ट रिस्पाउण्डर की भूमिका की सराहना की।कार्यकम के द्वितीय चरण मे एसडीईआरएफ जवानों द्वारा अग्नि दूर्घटना संबंधित मॉकड्रिल का प्रदर्शन किया एवं आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। सांस्कृतिक कार्यकम एवं यातायात दूर्घटना पर नुक्कड नाटक सॉईनाथ मेमोरियल स्कूल के सिविल डिफेन्स वालेन्टियर शकिल कादरी एवं छात्र-छात्राओ द्वारा किया गया। होमगार्ड विभाग के सैनिकों के चयनित 4 बालक, बालिकाओं को मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदाय किया गया। खेल पुरस्कार में सिविल डिफेन्स वालेन्टियरर्स विजेता टीम को रस्सा कस्सी में प्रथम एवं किकेट मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शिल्ड प्रदान की गई। म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार प्रिया पाटीदार सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स एवं द्वितीय पुरस्कार लोकेश वर्मा को दिया गया।

इस अवसर पर होमगार्ड एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेन्स वालेन्टियर्स को वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिये पुरस्कृत किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर संजीव जैन एवं अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, तहसीलदार सपना शर्मा, तहसीलदार हरिओम ठाकुर एवं होमगार्ड विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, होमगार्ड जवान के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# 23 दिन बाद भी नहीं हुई पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी की नियुक्ति




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वर्तमान पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत आने वाला पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा बिना प्रभारी के संचालित हो रहा है। यहां पर पदस्थ प्रभारी राकेश नरवरिया को साइबर ठगी के मामले में निलंबित किया गया है जिसके बाद विभाग अभी तक यहां पर प्रभारी की नियुक्ति नहीं कर पाया है। 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद द्वारा कार्रवाई करते हुए नरवरिया को निलंबित किया गया था। जब से ही यह पद खाली है।पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा संवेदनशील क्षेत्र है, इसके बावजूद भी यहां पर प्रभारी की नियुक्ति न होना से कई प्रकार की चर्चाओं के दौर जारी है। पहली बार देखने में आया कि इतने दिनों बाद भी प्रभारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते कहीं ना कहीं प्रभारी की नियुक्तियों में अड़चन आ रही है। पहली बार देखने में आया है कि इतने दिनों के बाद भी उक्त चौकी बिना प्रभारी के चल रही है। एक समय यह था की चापडा में पोस्टिंग के लिए नम्बर लगते थे लेकिन अब बागली के बिगड़े सिस्टम के कारण कोई यहां आना नहीं चाह रहा है। सिस्टम में हस्तक्षेप के चलते अधिकारी भी पोस्टिंग नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद से भी चर्चा करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### उत्तर प्रदेश के छह बदमाशों ने मिलकर दिया था घटना को अंजाम

# चार्टेड बस से 21 तोला सोना चुराने वाले आरोपी धराए, 3 अभी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

विगत दिनों एक चार्टेड बस में बैठी महिला को बातों में बहलाकर उनके बैग से 21 तोला सोना सहित नकदी चुराने वाले आरोपियों को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरी वारदात को उत्तर-प्रदेश के छह बदमाशों ने मिलकर अंजाम दिया था जिनमें से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 26 लाख रुपए कीमती पूरा सामना व नकदी सहित अन्य सभी सामान भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार दोहपर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। फरार अन्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई है।



#### महिला को झांसे में लेकर माल पर किया था हाथ साफ

हालिया 19 नवंबर को पवित्राबाई पत्नी रूप सिंह नागर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरोटा जिला देवास मक्सी से एक चार्टेड बस में बैठी थीं। इस दौरान एक बदमाश पास आकर बैठ गया और उनका बैग सीट के नीचे रखने का बोला ताकि वो सहुलियत से बैठ सके। पवित्राबाई ने बैग को सीट के नीचे रख दिया। इस दौरान पीछे बैठे दो अन्य बदमाशों ने हाथ की सफाई दिखाते हुए बैग की चैन खोल ब्लेड या अन्य वस्तु से बैग में कट लगाया और उसमें रखे सभी गहने और 80 हजार रुपए नकदी चुरा लिए। महिला यात्री जब अपने घर पहुंची और बैग खोलकर देखा तो उसमें रखी पूरी ज्वेलरी और नकदी गायब देख वो सकते में आ गईं। बाद में पवित्राबाई और परिजनों ने ब्यावरा थाने पहुंचकर इस बात की लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

#### पुलिस ने अनेकों सीसीटीवी खंगाले

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पतारसी के लिए एक विशेष टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इस पूरी जांच में अन्य जिलों की पुलिस की भी मदद लेते हुए मिर्जापुर में दबिश दी गई परन्तु आरोपी बाहर होने के कारण पकड़े नहीं जा सके। बाद में तकनीकी लोकेशन आधारित टैकिंग के बाद तीन आरोपियों को श्योपुर-मुरैना मार्ग, जौरा बस

**पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया पूरे मामले का खुलासा**

स्टैंड से धर-दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों में टिंकू उर्फ टिंका पिता रामजीलाल अहेरिया उम्र 34 वर्ष निवासी मिर्जापुर, हाथरस (उ.प्र.), धर्मेन्द्र पिता जंगबहादुर अहेरिया, उम्र 47 वर्ष, निवासी मिर्जापुर, हाथरस, उप्र एवं नूरसिंह पिता गोवर्धन अहेरिया, उम्र 60 वर्ष, निवासी मोहदीनपुर, हाथरस (उ.प्र.) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों से उनके तीन अन्य साथियों के बारे में पूछताछ जारी है जिसके लिए न्यायालय से पीआर ली गई है।

#### ये आरोपी फिलहाल फरार

पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले तीन अन्य आरोपी अनमोल अहेरिया, बंटी अहेरिया एवं भूपेंद्र अहेरिया फिलहाल फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 21 तोले सोने के आभूषण कीमती करीब 26 लाख एवं 80 हजार नकदी भी बरामद कर ली गई है।

# इलाज के नाम पर ड्रग्स का कारोबार पुलिस बल ने रंगेहाथों पकड़ा डॉक्टर

### स्वास्थ्य अमला व ड्रग इंस्पेक्टर ने क्लीनिक किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मरीजों का इलाज करने के नाम पर ब्यावरा में चल रहे अजय क्लीनिक के संचालक को नशीले ड्रग्स का कारोबार करते सिटी पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से दवाओं के रूप में नशीले ड्रग्स देने की शिकायतें सिटी पुलिस को मिल रही थी जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस साधारण डेस में ग्राहक बनकर पहुंची और संचालक को पकडा एवं ड्रग्स इंस्पेक्टर और सीएमएचओं ने अजय क्लीनिक पर पहुंचकर 2 दर्जन से अधिक दवाओं को जब्त किया है। पुलिस ने डॉ रामप्रसाद पिता तंवरलाल विश्वकर्मा को थाने ले जाकर पूछताछ की व सीएमएचओ के आदेश के बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया है। खबर लिखे जाने तक ड्रग इंस्पेक्टर दिलीप अग्रवाल दवाओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट बनाने की बात कह रहे थे।

#### कार्रवाई से झल्लाए डॉ पुलिस से बोले - तुम मुझे फांसी पर चढ़वा देना

अप्रत्याशित रूप से पुलिस की कार्रवाई और बोखलाए अजय क्लीनिक के संचालक डॉ रामप्रसाद विश्वकर्मा को जब थाने जाने के लिए पुलिस ने गाड़ी में बैठने को बोला तो डॉ विश्वकर्मा ने पुलिस से कहा की मैं अपनी कार से थाने आता हूं फिर टीआई वीरेन्द्र सिंह धाकड़ ने बोला तो डॉक्टर पुलिस गाड़ी में यह कहते चढ़े की तुम मुझे फांसी पर चढ़वा देना।

### नकाबपोशों की आंखों में धूल झोंककर बच्चों ने खुद को बचाया

*राजगढ़। स्थानीय नगर पालिका दफ्तर के ठीक सामने शुक्रवार रात्रि हुए एक वाकये के बाद थाने में कईं लोगों की भीड़ जमा हो गई। दरअसल, शंकर कॉलोनी निवासी 11-12 साल उम्र के चार बच्चे दूध लेने के लिए नाका नंबर-3 पर आए हुए थे। इस दौरान मुंह पर कपड़ा, मफलर लपेटे हुए तीन लोगों ने बच्चों से किसी का पता पूछा और बाद में बच्चों से झूमाझटकी करने लग गए। इस दौरान एक बच्चे ने जमीन पर पड़ी मिट्टी बदमाशों के आंखों में फेंक डाली जिसके बाद उक्त तीनों अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गए। बच्चों ने घर पहुंचकर यह बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद शुक्रवार रात्रि करीब 9 बजे परिजनों ने कोतवाली थाने पहुंचकर इस पूरे वाकये से पुलिस को अवगत कराकर लिखित में इसका आवेदन दिया। हालांकि, उक्त तीनों व्यक्ति कौन थे और उनका क्या मकसद था इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। कोतवाली टीआई अखिलेश वर्मा के अनुसार आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त आसपास के सीसीटीवी देखकर मामले की जांच की जा रही है।*

### कॉलेज चलो अभियान : छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए किया गया प्रेरित



सारंगपुर। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण कर 12वीं कक्षा की छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें भविष्य के शैक्षणिक अवसरों से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोड़या ने छात्राओं से संवाद करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों, सुविधाओं व मार्गदर्शन की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और स्नातक स्तर पर अध्ययन हेतु प्रेरित किया।कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल ने महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों एवं शासन की हितग्राही योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने 12 वीं कक्षा में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने के लिए निरंतर अध्ययन और लक्ष्य निर्धारण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में प्रो. संगीता गुप्ता ने नई शिक्षा नीति की प्रमुख विशेषताओं, लचीलापन, बहुविषयक अध्ययन एवं कौशल आधारित शिक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. वसीम शेख ने प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सावधानियों, ऑनलाइन फॉर्म भरते समय होने वाली सामान्य त्रुटियों से बचाव तथा दस्तावेजों की सही तैयारी पर व्यवस्थित मार्गदर्शन दिया।

### शौर्य दिवस पर शौर्य सभा एवं कारसेवक सम्मान समारोह संपन्न

# कार सेवकों की स्वयंसेवा, संघर्ष और समर्पण के साथ बलिदान का परिणाम है: लक्ष्मीनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सानिध्य में 6 दिसंबर को आयोजित शौर्य सभा एवं कारसेवक सम्मान समारोह बाबा रामदेव मंदिर परिसर, जीरापुर रोड पर गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में वर्ष 1992 के राम जन्मभूमि आंदोलन में कार सेवा देने वाले सभी कारसेवकों का सम्मान किया गया शौर्य सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मी नारायण चैहान ने कहा कि आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण कार्य सेवकों के अथक संघर्ष और बलिदान का परिणाम है उन्होंने बताया कि मुगल आक्रांताओं द्वारा अनेक हिंदू मंदिरों को ध्वस्त कर मस्जिदों का निर्माण किया गया, जिनमें से एक राम जन्मभूमि मंदिर भी था



वर्ष 1992 में कारसेवकों ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए बाबरी ढांचा हटाकर श्रीराम जन्मभूमि की आधारशिला रखी, जिसका परिणाम आज पूरे विश्व के सामने अयोध्या में उभरते भव्य मंदिर के रूप में दिखाई दे रहा है सभा में 1992 में कारसेवा करने वाले जीवित कारसेवकों का सम्मान कर उनके योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख कारसेवकों में राधेश्याम पुष्पद, राधेश्याम चैहान, राधेश्याम प्रजापति, यशवंत मोरे, पुरुषोत्तम गुप्ता, विजय सिंह किरार, कृष्ण कुमार, नारायण सिंह विश्वकर्मा, करणसिंह उमठ, रोडूराम पुष्पद सहित अन्य कारसेवक शामिल रहे कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार, पवन सोंधिया, गोविंद सिंह रुहेला, अभिषेक धाकड़, बालचंद किरार, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे शौर्य दिवस का यह आयोजन उत्साह, श्रद्धा और संगठनात्मक एकता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# डॉ. अंबेडकर को दी मंत्री टेटवाल सहित भाजपाईयों ने श्रद्धांजलि

सारंगपुर। नगर के अम्बेडकर पार्क में महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यस्मृति) के अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के संघर्षमय जीवन, विचारों और योगदान को स्मरण करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक कुंवर कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, गिरिवर भंडारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, विष्णु पाटीदार,अमित सक्सेना पार्षद अमित गिरजे सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने डॉ. अंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, दलितों एवं वंचितों के अधिकारों की



रक्षा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना को नमन किया। अपने संबोधन में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का अदम्य साहस, समता का सिद्धांत और सामाजिक न्याय का संदेश आज भी हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समानता केवल विचार नहीं, बल्कि शासन और समाज की बुनियाद है। यही बाबा साहब का सपना है।

# खेल से सीख समानता का मॉडल संयुक्त क्रिकेट मैच का आयोजन



नरसिंहगढ़। शनिवार को मॉडल स्कूल नरसिंहगढ़ में राइस कार्यक्रम के तहत गर्ल राइजिंग और चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट ने विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से बालक एवं बालिकाओं के बीच संयुक्त क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य "खेल के माध्यम से समानता" के संदेश को मजबूत करना था, ताकि छात्र-छात्राएँ टीमवर्क, नेतृत्व और समान अवसर के महत्व को अनुभव कर सकें। राइस कार्यक्रम वर्तमान में राजगढ़ जिले के 24 शासकीय विद्यालयों में संचालित है, जो विद्यार्थियों के सामाजिक-भावनात्मक विकास, लैंगिक समानता और नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। मैच के दौरान बच्चों ने जाना कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग, आत्मविश्वास और सम्मान का माध्यम भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान किए गए। आयोजन के दौरान विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सिंह हाड़ा, शिक्षक तरुण शर्मा, दीपा दुबे एवं भगवान सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### होमगार्ड के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ परेड का कार्यक्रम

# राष्ट्रपति, गृहमंत्री के संदेश वाचन उपरांत ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

होमगार्ड के स्थापना दिवस पर स्थानीय होमगार्ड कार्यालय स्थित परेड ग्राउण्ड पर शनिवार सुबह एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जिन्होंने गृहमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, जिला कमान्डेंट होमगार्ड डी.आर. वर्मा सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने महामहिम राष्ट्रपति एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने होमगार्ड महानिदेशक के संदेश का वाचन किया। समारोह में परेड हेतु 02 होमगार्ड एवं 02 सिविल डिफेन्स वालिन्टियर्स के प्लाटून लगाये गए। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर रणजीत सिंह भिलाला द्वारा किया गया। परेड टू आई.सी. हवलदार अनुदेशक होमगार्ड अशोक



कुमार कौरव रहें।

इस दौरान होमगार्डस एवं एसडीईआरएफ जवानों द्वारा आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, पुलिस व प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कानून व्यवस्था ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी एवं अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों में योगदान पर सराहना व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान होमगार्डस जवानों के मेघावी बच्चों को शिक्षा निधि प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया गया।

### रेडक्रॉस व प्रशासन की संयुक्त पहल

# वृद्धाश्रम के 16 बुजुर्ग महाकाल लोक के दर्शन करने रवाना हुए




राजगढ़। अपनों की बेरुखी के चलते अपने ही घर से दूर वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों लिए प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी ने अच्छी पहल की है। वृद्धाश्रम में निवासरत 16 बुजुर्गों सहित रेडक्रॉस सोसायटी की टीम और प्रशासनिक अधिकारियों व केयर टेकर सहित कुल 32 लोगों शनिवार सुबह उज्जैन महाकाल लोक की तीर्थयात्रा पर भेजा गया। यात्रा आरंभ करने के पूर्व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय शेखर शर्मा, राकेश गुप्ता सहित प्रशासनिक टीम में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों ने सभी बुजुर्गों को तिलकर लगाकर उनके पैर छीते हुए आर्शिवाद लिया। इसके उपरान्त सभी को उज्जैन के लिए रवाना कर दिया गया। बुजुर्गों की की देखभाल के लिए वृद्धाश्रम संचालक, काउन्सलर, वृद्धाश्रम प्रबंधक सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी साथ में भेजा गया है।

# साइकिल वितरण में उत्साहवर्धन के लिए बेटियों संग जमीन पर बैठ खिंचवाई फोटो

ब्यावरा। शहर में स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निरूशुल्क साइकल वितरण कार्यक्रम में मंत्री नारायण सिंह पंवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने 245 छात्राओं को निरूशुल्क साइकिलों का वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री पंवार का सादगी और आत्मीयता से भरपूर अनोखा अंदाज तब देखने को मिला, जब वे बेटियों के साथ जमीन पर बैठकर फोटो खिंचवाते नजर आए। इस दृश्य ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया और छात्राओं में विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। मंत्री पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार छात्र-छात्राओं



एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रभावी योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, साइकिल वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, पीएम श्री स्कूल योजना, मुफ्त पाठ्यपुस्तक वितरण और निःशुल्क गणवेश योजना जैसी योजनाएं बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। मंत्री पंवार ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है, वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बना रही है। साइकिल वितरण योजना से अब ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी आत्मविश्वास के साथ स्कूल पहुंच रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की मंशा है कि हमारी कोई भी बेटी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।

### घटिया निर्माण से नालियां भी टूटना शुरू, कर चुके हैं शिकायत

# सिटी पोर्सन रोड 1 महीने में रिपेयर होना शुरू

ब्यावरा। 50 करोड की लागत से 2 साल में बनकर तैयार हुआ खिलचीपुर सिटी पोर्सन रोड बनने के 1 महीने में ही रिपेयर होना और टूटना शुरू हो गया है। बनते समय भी इसकी गुणवत्ता को लेकर विधायक हजारी लाल दांगी ने भी सवाल उठाए थे इसके बाद भी ठेकेदार ने अपनी मनमानी करते हुए घटिया क्वालिटी का निर्माण कर सरकारी पैसे की बंदरबांट कर ली। आज भी हालात यह है कि सिटी पोर्सन रोड पर रिपेयरिंग करते व उसकी पानी से तराई करते देगा जा सकता है जिसको बने हुए मात्र 1 महिना ही बीता है। ठेकेदार द्वारा बनाई गई नालियों के हाल यह है कि वह टूटकर गिरने लगी है इससे ठेकेदार व निर्माण एजेंसी की कार्यशैली संदेह के घेरे में है।

#### पोल शिफ्टिंग एवं विद्युतीकरण कार्य में भी हैं अनियमितताएं

1. यह कि, निर्माणाधीन रोड़ फाइनल कार्य प्रगति पर है जिसमे पेट्रोल पम्प से बीच डिवाइडर मे पोल खड़े किये गये हैं व गायत्री कालोनी रेस्टहाउस के सामने से जीरापुर नाके तक पोल ही खड़े नहीं किये गये हैं। जिससे नगर की सुंदरता के साथ स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।



2. यह कि. पोल शिफ्टिंग में फिल्ड ग्राउण्ड के साइड से स्कूल के सामने से लेकर बिहारी कालोनी के रोड तक साइड पोल शिफ्टिंग नहीं किए।



3. विभाग में सीएम हेल्पलाइनों पर क्रमशः शिकायत होने के बाद भी विद्युत यांत्रिकी विभाग द्वारा बस स्टेण्ड के बीच सर्कल पर एसबीआई के सामने डीपी ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जहां से बसे मुड़ती है। अभी कुछ समय पूर्व एक बस में करंट फैलने का हादसा हो गया था।


4. ट्रांसफार्मर केबल व खन्ने और डीपीयों पर लगने वाले उपकरण स्टीमेट अनुसार मानक स्तर के नहीं है। स्टीमेट से इनकी मौका जांच कराई जाए।

5. पोल शिफ्टिंग अभी अधूरे हैं तथा झालावाड नाके पर रोड़ छोटा होने से लोकनिर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग, लोकनिर्माण विभाग दोनो के बीच अमध्यस्थता हो रही है।

6. यह कि, इस हेतु दिनांक 05 अगस्त 2025 को एसडीएम खिलचीपुर को कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था जिस पर एसडीएम खिलचीपुर द्वारा पत्र क्र. 3076/शिकायत दिनांक 05 अगस्त 2025 कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विद्युत यांत्रिकी विभाग जिला राजगढ़ को पत्र खिलचीपुर प्रतिवेदन मांगा था जिस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**खबर संक्षेप**

### पं. सिद्धनाथ शर्मा का निधन, दी श्रद्धांजलि




**सीहोर**। ग्राम नयापुरा निवासी कथावाचक पं. सुरेश शर्मा, पं.बंटी शर्मा, पं. सुनील शर्मा, पं. गणेश शर्मा के पिताजी एवं वरिष्ठ समाजसेवी पुरोहित पं. सिद्धनाथ शर्मा का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। पुरोहित पंडित सिद्धनाथ शर्मा सरल सहज मिलनसार धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोडक़र चले गए। रविवार को नयापुरा विश्राम घाट पर उनके परिजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। पंडित शर्मा के आकस्मिक निधन हो जाने से क्षेत्र के ग्रामीणजनों सहित सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कृषि महाविद्यालय हुआ आयोजन

**सीहोर**। अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियरके अंतर्गत आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय सीहोर में किया गया। इकार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम. यासीन अध्यक्ष के रूप में तथा मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. गुप्ता संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कृषक प्रतिनिधि के रूप में प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह एवं भगत भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

शासकीय कन्या महाविद्याल में हुई संभाग स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता

# भोपाल संभाग की 7 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



## संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में टीम नर्मदापुरम विजेता व सीहोर रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में संभाग स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की कुल 7 टीम रायसेन, राजगढ़, भोपाल, सीहोर, विदिशा, बैतूल और नर्मदापुरम ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दर्ज की। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में खो-खो फेडरेशन के अनुभवी रेफरी अर्णव कुमार, स्वतंत्र विश्वकर्मा, अनिल प्रजापति और रोहित गोस्वामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल संचालन की स्वच्छता, निष्पक्षता और गुणवत्तापूर्ण निर्णय सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही। इस आयोजन के मुख्य आयोजक शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा थे। उन्होंने कहा, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, प्रतिस्पर्धात्मक दक्षता और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। हमें गर्व है कि संभाग की प्रत्येक टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और बालिकाओं ने ऊर्जा एवं समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिले के अग्रणी पीजी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी अनिल पिलोदिया, लॉ कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी ममतेश परमार, तथा जिले के अन्य महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी मेहराज अली और आकांक्षा उज्जेनिया ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजित हुए कार्यक्रम में आयोजक महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, कन्या शिक्षण संस्थान में ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है और उन्हें आत्मविश्वासी बनाता है। महाविद्यालय सदैव छात्राओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी टीमों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संभाग स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता में टीम नर्मदापुरम विजेता तथा टीम सीहोर उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।यह प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# नाबालिग बालिका को पुलिस ने बरामद किया

**आरोपी को भेजा जेल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में गुम हो रहे नाबालिग बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु दिये गये निर्देशो के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया गया है। एक दिसंबर को फरियादी ने थाना आकर सूचना दिया कि 30 नवंबर को रात्रि के 2 बजे मेरी नाबालिक लडकी उम्र 16 साल 07 माह को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना रेहटी मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही-प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये एक टीम उनि सुशील पाण्डेय के नेतृत्व में गठित की। उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना और सायबर सेल की मदद से आरोपी नितिन कहार के कब्जे से नाबालिक बालिका को थाना कोतवाली जिला हरदा से दस्तयाब कर परिवारजनों को सुपुर्द किया गया एवं आरोपी नितिन पिता ओमप्रकाश कहार उम्र 25 साल निवासी वार्ड न.13 इन्दिरा मार्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी, उनि सुशील पाण्डेय, प्रआर जयनारायण, आर संतोष कुमार, आर. विकास नागर, मआर निकिता एवं साइबर सेल सीहोर की सराहनीय भूमिका रही।

### 45 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



**सीहोर**। जिला पंचायत सीईओ सर्जन यादव ने सीहोर स्थित प्रजापति धर्मशाला में हथकरघा विभाग द्वारा आयोजित माटी शिल्प कला के 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमति सर्जना यादव ने स्वंय चाक मशीन पर माटी शिल्प के क्राफ्ट बनाकर तैयार किए और सभी हितग्रहियो का उत्साह वर्धन किया। उल्लेखनीय है की माटी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए इस प्रशिक्षण हेतु जिला हथकरघा कार्यालय द्वारा 27 महिला हितग्राहियो का चयन किया गया था। इस दौरान हथकरघा की सहायक संचालक आकाश गोयल और विष्णु प्रजापति सहित हितग्राही उपस्थित थे।

# जन क्रांति न्याय यात्रा को लेकर बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जन क्रांति न्याय यात्रा की तैयारियां तेज है, करणी सेना परिवार के तत्वाधान में आगामी 21 दिसंबर को यात्रा को लेकर जिले के सभी तहसीलों में पहुंचकर सभी वर्ग को इस भव्य कार्यक्रम में आने की अपील की जा रही है। रविवार को इसको लेकर इछावर और आष्टा में करणी सेना परिवार के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान के द्वारा यहां पर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों को संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि हरदा में 21 दिसंबर को प्रस्तावित जन क्रांति न्याय आंदोलन यात्रा की तैयारियां अब तेज हो गई हैं।

इसी क्रम में करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर पूरे प्रदेश में पहुंच रहे है। गत दिनों रेहटी, सीहोर तहसील आदि में बैठक का आयोजन किया गया। करणी सेना की सभी 21 सूत्री मांगें महत्वपूर्ण हैं और इन्हीं मुद्दों पर समाज एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। न्याय यात्रा में समाज का हर वर्ग शामिल होगा और 21 दिसंबर को हरदा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने इस यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए समाज के हक, सम्मान और न्याय की लड़ाई को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया। इसके अलावा नव नियुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया भेरूंदा, गोपालपुर, बुधनी सभी

# खेल अधिकारी रवि बिरहा अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा ने एक बार पुनः जिले का गौरव बढ़ाया है। उनका चयन अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 400 मीटर स्पर्धा हेतु मध्य प्रदेश टीम में किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी 13 से 15 दिसंबर तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्‌र्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से चयनित श्रेष्ठ एथलीट भाग लेंगे। श्री बिरहा मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी गति, फिटनेस और उत्कृष्ट एथलेटिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।श्री रवि बिरहा लंबे समय से महाविद्यालय सहित जिले में खेलों को प्रोत्साहित करने, प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी यह राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि जिले एवं संभाग के लिए गौरव का क्षण मानी जा रही है। उनके चयन पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के प्राचार्य , महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, जिले के क्रीड़ा अधिकारी, खेल संघ तथा छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने विश्वास जताया है कि श्री बिरहा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश का मान बढ़ाएंगे।श्री बिरहा ने अपने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेलों के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अपने साथ सहयोग करने वाले शिक्षकों, खिलाड़ियों और परिवारजनों का आभार व्यक्त किया। जिले में खेलों को नए आयाम देने वाले श्री बिरहा की यह सफलता न केवल प्रेरणास्त्रोत है बल्कि युवाओं को खेल जगत में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# सप्त गुणों से अलंकृत नारी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर श्रेष्ठ एवं संस्कारित पीढ़ी का निर्माण करें: चांडक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में सप्तशक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ अंजू अग्रवाल सक्षम जिला अध्यक्ष, शोभा चांडक सप्तशती संगम कार्यक्रम जिला संयोजक, शालिनी महेश्वरी मातृशक्ति समन्वय जिला संयोजक, राधा सैनी रस्ढ्ढ रेनम आहूजा विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णा राठौर एवं संचालन समिति के सदस्य नूतन राठौर दीदी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पूजन अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता शोभा चांडक दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सप्त गुणों से अलंकृत नारी अपनी शक्तियों का प्रयोग कर श्रेष्ठ एवं संस्कारित पीढ़ी का निर्माण करें। आज संयुक्त परिवार की महती आवश्यकता है इसके अभाव में बच्चे दादा-दादी के लाड- प्यार-दुलार और संस्कारों से वंचित रह रहे हैं हमें इस और ध्यान देना होगा। भारत के विकास में महिलाओं के योगदान को लेकर शालिनी माहेश्वरी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटे-छोटे कार्य करके भी हम समाज की सेवा कर अपने कर्तव्य को निभा सकते हैं। भारत के विकास में महिलाएं अपना योगदान देकर अपने वर्चस्व को स्थापित कर रही है। हमें अपने कार्य के साथ अपनी संस्कृति और सभ्यता को ना भुलाते हुए आगे बढ़ना है। अध्यक्षीय उद्बोधन में अंजू अग्रवाल दीदी ने पर्यावरण के प्रति जागृत हो इसके संरक्षण के लिए ध्यान देना होगा। प्रकृति के प्रति हमारा व्यवहार आत्मीय हो, जल ही जीवन है,इसका संरक्षण आवश्यक है। अगर यह नहीं होंगे तो हमारा भविष्य खतरे में हो जाएगा अतः हमें इसका संरक्षण करना ही होगा। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं परिचय विद्यालय की प्रधानाचार्य कृष्णा राठौर दीदी द्वारा कराया गया। स्वागत एवं आभार संचालन समिति की सदस्य नूतन राठौर दीदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अर्चना तिवारी एवं ज्योति जैन दीदी द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्य संपन्न कर सभी को सम्मानित किया गया।

राधा सैनी द्वारा मातृशक्ति को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को लेकर जागृत किया गया। रैना आहूजा दीदी द्वारा सभी को संकल्प दिलवाया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की दीदी कुमारी प्राची तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय की नन्ही बालिकाओं ने सप्त शक्ति व प्रेरणा दायी वीरांगनाओं के वेश में सभी को आकर्षित किया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विद्यालय की अभिभावक माताएं, सरस्वती विद्या मंदिर डिपो की दीदी सम्मिलित हुएं।

# बाल विवाह मुक्त भारत के लिए अभियान हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के दृढ़ निश्चय और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने के मौके पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने सीहोर जिले से बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू हुए '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी विभागों व एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करने का संकल्प दोहराया।

विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जिले में अर्से से बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस 100 दिवसीय गहन जागरूकत अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य उस पूरे परिवेश को ध्वस्त करना है जो बाल विवाह के फलने-फूलने में मदद करते हैं। इन प्रयासों में मिली सफलता को रेखांकित करते हुए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि स्पष्ट नीतियों, लगातार की जा रही कार्रवाईयों और गांव-गांव तक पहुंच रहे प्रयासों की बदौलत भारत बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र ने अधिसूचना जारी कर सभी राज्य सरकारों से कहा है कि वे इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करें ताकि बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जनसमुदाय में चौतरफा और स्पष्ट बदलाव देखने को मिले। अधिसूचना के बाद राज्य सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि लक्षित उद्देश्यों को हासिल किया जा सके। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लगातार सहयोग और विभिन्न कदमों की सराहना करते हुए विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के श्री राम रघुवंशी ने कहा, जिला प्रशासन बाल विवाह के खात्मे की दिशा में बढ़-चढ़ कर प्रयास कर रहा है। हमारी सफलताएं उनके साथ करीबी समन्वय से काम करने का नतीजा हैं। आज पूरा देश एकजुट है और देश का शीर्ष नेतृत्व बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में हम निश्चित रूप से 2030 से पहले ही देश को इस अपराध से मुक्त बना देंगे। दुनिया जिसे कभी असंभव मानती थी, वह आज भारत में संभव होता दिखाई दे रहा है और इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व का विषय है। विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

**अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने मनाया शौर्य दिवस, कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली**

# श्रीराम के जय घोष के साथ कार्यकर्ताओं ने लहराया भगवा ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला मुख्यालय पर विशाल वाहन रैली निकाल कर शौर्य दिवस मनाया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा मैदान पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से भव्य बाइक रैली निकाली गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा जय श्रीराम के जय घोष के साथ भगवा ध्वज लहराया गया। अनेक स्थानों पर नागरिकों के द्वारा बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



### जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रैली

अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर बने बाबरी नामक मस्जिद जैसे ढाँचे को विध्वंस करने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले कारसेवकों की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा शौर्य दिवस मनाया गया। सिंधी कॉलोनी मैदान से श्रीराम दरबार की विधिवत पूजा अर्चना के बाद विशाल वाहन रेली का शुभारंभ किया गया। विशाल रैली में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ अध्यक्ष अतुल राठौर प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया, हिंदू हेल्पलाइन प्रांत उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह बाघेला, प्रांत मंत्री प्रकाश परमार,विभाग मंत्री दीपक पाठक, जिला मंत्री मदन राजपूत, राष्ट्रीय बजरंग दल उपाध्यक्ष हृदय मेवाड़ा, जिला मंत्री राजेश मेवाड़ा,नवीन आर्य सम्मिलित हुए।

### पूजा अर्चना कर रैली का समापन

विशाल शौर्य दिवस रैली सिंधी कॉलोनी मैदान से बस स्टेंड, कलेक्ट्रेट रोड, भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा,कोतवाली चौराहा,पान चौराहा, बढ़ा बाजार, लीसा टाकिज चौराहा, तहसील चौराहा भोपाली फाटक कस्बा से तिलक पार्क होते हुए हनुमान फाटक मंदिर कस्बा पहुंची यहा पर हनुमान लल्ला की पूजा अर्चना कर रैली का समापन किया गया।

### ग्रामीण अंचलों के कार्यकर्ता रहे शामिल

शौर्य दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी रामकृष्ण शर्मा, नवीन राठौर, मांगीलाल ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, जगदीश पाटीदार, दिलीप पाटीदार, तारकेश्वर शर्मा, दीपक राठौर उमेश कुशवाह, बृजेश सरपंच, आजाद मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों के कार्यकर्ता शामिल रहे।

### द विंची सोकरबट चैंपियनशिप हुई आयोजित

**सीहोर**। सेंट एंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीहोर की अग्रणी पहल छात्रों के इंजीनियर रिंग कौशल को बढ़ाने के लिए एवं रोबोटिक ज्ञान कुशलता बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट अग्रणीय प्रयास सेंटेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने गर्व के साथ द विंची सोकरबट चैंपियनशिप की मेजबानी की चैंपियनशिप 5 एवं 6 दिसंबर को को आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंस विकास राठौर नगर पालिका अध्यक्ष सीहोर एवं संजय सिंह तोमर जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर ने किया। प्रसिद्ध हस्तियां एवं वरिष्ठ जनों द्वारा छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया। छात्रों के पालक भी छात्रों के कौशल को देखने के लिए उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में सीहोर के विभिन्न स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें ब्लू वर्ल्ड हाई स्कूल सेंट, मेरिज रेजिडेंशियल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं लुर्द माता कॉन्वेंट स्कूल शामिल थे। इस चैंपियनशिप की तैयारी इंटरनेशनल स्टीम रिसर्च के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इन वर्कशॉप में छात्रों को तकनीकी और इंजीनियरिंग स्किल रोबोटिक दक्षता रोबोट बनाना एवं कोडिंग संबंधित नॉलेज बल्कि ब्रांडिंग एवं लोगो डिजाइन भी छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया एवं विश्व में चल रहे है नए-नए आविष्कारों की जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने कार्यक्रम में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए रोबोट का प्रजेंटेशन भी दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए रोबोट को सभी ने सराहा एवं प्रशंसा की। यह प्रयास छात्रों के इंजीनियरिंग विकास के लिए सेंटेंस स्कूल का अग्रणीय प्रयास है, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है, क्योंकि आज के विद्यार्थी भारत का उज्जवल भविष्य है। सिस्टर अलका प्रिंसिपल सेंटेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने कहा कि हमें गर्व है कि हमने दा विंची सोकरबट चैंपियनशिप की मेजबानी की।